हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 10 नवंबर 2025

06 पुलिस की मौन ड्यूटी ने छीनी रजनेश की सांसे...




07 बच्चों को मेन्यू अनुसार भोजन नहीं देने वाले समूह हटेंगे...






## खबर संक्षेप

### शर्मा बने शिवसेना में खुरई बीना विधानसभा के प्रभारी



**सागर।** शिवसेना संगठन का विस्तार करते हुए जिला प्रमुख दीपक लोधी ने शिवसेना उप राज्य प्रमुख पप्पू तिवारी संगठक मनी सिंग गुरैन की अनुशंसा पर खुरई निवासी बबलू शर्मा को शिवसेना संगठन में खुरई एवं बीना विधानसभा का प्रभारी नियुक्त करते हुए संगठन को गांव गांव इकाइयां गठित करने के निर्देश दिए हैं। बबलू शर्मा की नियुक्ति पर हेमराज आलू, विकाश सिंह, धर्मेंद्र यादव, शिवशंकर दुबे, बसंत भदोरिया, सचिन जैन देवब्रत शुक्ला, रवि बामनिया ने बधाई दी है।

### 20वां सवा करोड़ श्री सीताराम लेखन जप दो माह में पूर्ण

**सागर।** 5 सितंबर से प्रारम्भ 20 वां सवा करोड श्री सीताराम लेखन जप 5 नवंबर को लेखन प्रेमियो के द्वारा मात्र दो माह में 600 कापियो में लेखन कर पूर्ण किया गया। पूर्ण लेखन पुस्तिकाओ की गिनती बैठक प्रारम्भ होने के पूर्व समस्त समिती सदस्यो की उपस्तिथी में की गई । उक्त जानकारी देते हुये श्री सीताराम नाम बैंक के सह व्यवस्थापक पं ब्रजेश द्विवेदी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि लेखन प्रेमियो के अयोध्या जाने एवं लेखन जप प्रक्रिया को और अधिक रुप किस प्रकार से दिया जाये, लेखन कार्य में लेखन प्रेमियो को हो रही असुविधाओ के निदान के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई । लेखन समिती के सदस्यो की बैठक हनुमान दुर्गा भैरव धाम परिसर स्तिथ सीताराम नाम बैंक में 5 नवंबर को बैंक के मैनेज़र पं गोपालदास शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक के मुख्य अतिथी पं अरविन्द चौबे एवं विशेष अतिथी के रूप में सन्युक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग नर्मदापुरम मनीष वर्मा बैठक में उपस्तिथ रहे । बैठक के दौरान समिति सदस्यो के द्वारा 21 वां सवा करोड़ श्री सीताराम नाम लेखन जप को प्रारंभ किया गया ।बैठक मे मनोरमा कोलोनी निवासी सन 2012 से निरंतर सीताराम लेखन करने वाले लेखन प्रेमी ब्रिजलाल अहिरवार की पत्नी भागबाई अहिरवार के आकस्‍ निधन पर बैठक में उपस्तिथ सभी लोगो के द्वारा 2 मिनट का मौन धारण कर विनम्र श्रदांजली अर्पित की गई। बैठक का संचालन रामरतन तिवारी ने किया एवं अंत में बैठक में उपस्थित सभी का आभार व्यक्त राकेश दुबे सिदगुवाँ ने किया। बैठक में मुख्य रुप से पं ब्रजेश द्विवेदी, अजय खरे, अनिल द्विवेदी , कमल कांत मिश्रा, बलराम सेन, अंशुल सेन, नमन द्विवेदी, हरगोविन्द पटेल, केके अग्रवाल शामिल हुए।

### शासकीय स्कूल से पढ़े यशपाल ने एमपीएससी परीक्षा 2023 में प्रदेश स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया

# किसान का बेटा बना डिप्टी कलेक्टर, सुरखी पहुंचने पर नगरवासियों ने फूल-मालाओं से किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

संघर्ष और मेहनत की मिसाल पेश करते हुए सागर जिले की सुरखी विधानसभा के छोटे से गांव खमकुआ के निवासी यशपाल स्वर्णकार ने एमपीएससी परीक्षा 2023 में प्रदेश स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त कर गांव और जिले का नाम रोशन किया है। उनका चयन डिप्टी कलेक्टर के पद पर हुआ है। रविवार सुबह लगभग 11 बजे जब यशपाल सुरखी पहुंचे तो नगरवासियों ने गाजे-बाजे, फूल-मालाओं और मिठाइयों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। हर ओर "यशपाल स्वर्णकार जिंदाबाद" के नारे गूंज उठे।

यशपाल के पिता रामनरेश स्वर्णकार एक किसान हैं। उनका पैतृक गांव खमकुआ है, जहां परिवार की खेती-बाड़ी होती है। वर्तमान में परिवार सुरखी में निवास करता है। यशपाल की प्राथमिक शिक्षा खमकुआ के स्कूल में हुई, जबकि कक्षा 9वीं से 12वीं तक की पढ़ाई उन्होंने शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सुरखी से पूरी की। यशपाल ने बताया, "गांव से निकलकर इस मुकाम तक पहुंचना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इसमें मेरे शिक्षकों, माता-पिता और परिजनों का अमूल्य सहयोग रहा। पांच प्रयासों के बाद मैंने यह सफलता हासिल की है।"

उन्होंने युवाओं से प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा, "उम्मीद कभी न छोड़ें। धैर्य और लगन से आगे बढ़ें, प्रतिफल अवश्य मिलेगा। अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदार रहें दूसरे के लिए नहीं, खुद के लिए। "इस सफलता ने न केवल यशपाल के परिवार को गौरवान्वित किया है, बल्कि पूरे सागर जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है।



सागर जिले के ग्राम खमकुआं निवासी यशपाल स्वर्णकार ने एमपीपीएससी की राज्य सेवा परीक्षा 2023 में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वे डिप्टी कलेक्टर बने हैं। वह अभी आडिट सेवा में है। वह साल 2021 में भी इस परीक्षा में चयनित हुए थे। फिर वह 2022 में जीएसटी इंस्पेक्टर पर चयनित हुए। यह उनका तीसरा चयन है। उन्होंने कहा कि लगातार प्रयास से यह हुआ है। यशपाल अपने परिवार में पहले सदस्य हैं जिन्होंने सरकारी नौकरी हासिल की है।

यशपाल ने अपनी शुरुआती पढ़ाई सरकारी स्कूल से की थी। उन्होंने बताया बीएससी करने के बाद साल 2019 में एमपीपीएससी की तैयारी शुरू की थी। प्री व मेंस क्लीयर होने के बाद इंटरव्यू भी दिए। उनके पिता नरेश स्वर्णकार खेती करते हैं। वे दो भाई, दो बहन हैं। इसमें यशपाल सबसे छोटे हैं। परिवार ने उन्हें पढ़ाई के लिए इंदौर भेजा था। जहां रहकर तैयारी की।

## संघर्ष ही जीवन है, बिना संघर्ष सफलता नहीं मिलती: सुश्री भारती लोधी



**सागर।** यह संघर्ष भरी कहानी सागर जिले के एक साधारण परिवार में जन्मी सुश्री भारती लोधी की है, भारती लोधी का मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग 2023 भर्ती परीक्षा में ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर के पद पर सफलता प्राप्त की है। भारती का गांव से आयोग तक का सफर आसान नहीं था, पहले प्रयास में असफलता मिलने के बाद उन्होंने हार नहीं मानी और अंततः एमपीपीएससी 2023 की परीक्षा में ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर के पद पर चयन हुआ। भारती ने बताया दृढ़ इच्छा शक्ति और संकल्प मजबूत हो तो यह उपलब्धि प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया संघर्ष ही जीवन है, बिना संघर्ष सफलता नहीं मिलती। भारती लोधी केसली तहसील के ग्राम जनकपुर (मिर्जापुर) में साधारण किसान परिवार में जन्मी है। उनके पिता श्री चंद्रभान सिंह लोधी किसान एवं माता गृहणी है। सुश्री भारती की शिक्षा स्नातक एवं स्नातकोत्तर डॉक्टर हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय से हुई है। इसके बाद इंदौर में रहकर एमपीपीएससी की तैयारी की, भारती ने इस उपलब्धि पर अपने गुरुजनों, माता-पिता को धन्यवाद व्यक्त किया।



## बीएमसी में सफल नेत्र प्रत्यारोपण से अब दो और लोग देख पाएंगे दुनिया, मिली रोशनी

**सागर।** नेत्र दान श्रेष्ठ दान है जो मरणोपरांत कोर्निया का दान होता है एवं जो विभिन्न हादसों एवं चोट के कारण, पुतली की बीमारी के कारण जो लोग आंखों की नजर गंवा देते हैं, उन लोगों के लिए नेत्र प्रत्यारोपण द्वारा उनके जीवन में उजाला लाया जा सकता है। ऐसा ही एक उदाहरण सामने आया बीएमसी में जहां है पहला लाभार्थी जो सागर के ग्रामीण इलाके में किसान परिवार से आता है। लाभार्थी की उम्र 46 वर्ष है, जिनकी किसी बीमारी के कारण एक आंख से छोटी उम्र से दिखाई नहीं देता था एवं उसकी दूसरी आंख में कोर्नियल अल्सर के कारण 15 वर्ष से दिखाई देना बंद हो गया । बीएमसी के मीडिया प्रभारी डॉ सौरभ जैन ने जानकारी दी कि लाभार्थी ने आई बैंक नेत्र रोग विभाग में नेत्र प्रत्यारोपण हेतु रजिस्ट्रेशन कराया था। उसकी जिस आंख की पुतली खराब थी चिकित्सकों द्वारा नेत्र प्रत्यारोपण द्वारा पुतली बदली गई, जिसके कारण उसके जीवन में अंधेरे से उजाला लौट आया। इसी प्रकार एक दूसरा लाभार्थी है, जो महिला है, जिन्हें एक आंख से बचपन से दिखाई नहीं देता था एवं दूसरी आंख से दुर्घटना के कारण पुतली में चोट के कारण, सफेदी होने के कारण दिखाई देना बंद हो गया। लाभार्थी ने बुंदेलखंड चिकित्सा महाविद्यालय सागर नेत्र रोग विभाग में संपर्क कर, ईलाज लिया एवं नेत्र प्रत्यारोपण हेतु रजिस्ट्रेशन कराया, डॉ की टीम ने सफल नेत्र प्रत्यारोपण द्वारा महिला की जिंदगी में रोशनी लौटा दी । चिकित्सकों ने बताया कि कुछ दिन पहले सागर के समाजसेवी द्वारा जीते जी उनके परिजनों से नेत्र दान की इच्छा जताई, जिनके मरणोपरांत कोर्निया का दान परिजनों की सहमति से नेत्र रोग विभाग आई बैंक को मिला था। डॉ सौरभ जैन ने बताया कि बुंदेलखंड चिकित्सा महाविद्यालय सागर में नेत्र प्रत्यारोपण की सुविधा निशुल्क उपलब्ध है एवं नेत्र दान स्वैच्छिक, मरणोपरांत कोर्निया का दान है , एक व्यक्ति के मरणोपरांत कोर्निया दान से दो लोगों जिनके कोर्निया खराबी के कारण नज़र चली जाती है उनको दान में मिले कोर्निया का प्रत्यारोपण द्वारा रोशनी लौटाई जाती है। अतः नेत्र दान हेतु लोगों को आगे आना चाहिए। यह एक पुनीत कार्य हैं जिसमें किसी की मृत्यु होने पर,चार से छह घंटे के भीतर नेत्र दान कराया जा सकता है।



## श्रीराम कथा में छाया राम जन्मोत्सव का उल्लास महामंडलेश्वर ने बताया मातृशक्ति का महत्व

**रहली।** स्थानीय बाड़े में आयोजित श्रीराम कथा के तीसरे दिवस भगवान राम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान भक्तों ने भगवान के जन्म की खुशी में बधाई गीत गाए और जमकर नृत्य किया, जिसमें बधाई नृत्य मुख्य आकर्षण रहा। पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। व्यासपीठ से महामंडलेश्वर भगवतानंद महाराज ने अपने ओजस्वी प्रवचन में मातृशक्ति की महिमा का बखान किया। उन्होंने कहा कि ?हमारी बेटियों ने विश्व कप जीतकर देश का नाम रोशन किया है। महाराज श्री ने इस बात पर जोर दिया कि अनादिकाल से मातृशक्ति की महिमा गाई जा रही है और माता की शक्ति इतनी प्रबल है कि वह नारायण को भी पत्थर बना सकती है। महामंडलेश्वर जी ने इस अवसर पर भगवान शालिग्राम और तुलसी जी के महत्व को विस्तार से बताया। उन्होंने श्रद्धालुओं से उनके विवाह उत्सव को धूमधाम से मनाने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया, आज भी बिना तुलसीदल के भगवान भोग स्वीकार नहीं करते हैं। तुलसी दल का महत्व बताते हुए उन्होंने इसे भगवान की पूजा में अनिवार्य बताया। महाराज श्री ने भगवान के विभिन्न अवतारों की कथा सुनाते हुए उनके अवतार लेने के कारणों और महत्व को समझाया। इसके उपरांत उन्होंने भगवान राम के जन्म की कथा सुनाई और बताया कि विप्र (ब्राह्मण), धेनु (गाय), देवता, और संत के हित के लिए भगवान पृथ्वी पर जन्म लेते हैं। इस मंगलमयी कथा को सुनकर श्रोता भाव-विभोर हो उठे। समग्र रूप से, श्रीराम कथा का यह तीसरा दिवस धार्मिक उत्साह, बधाई नृत्य और ज्ञानवर्धक प्रवचनों से भरा रहा, जिसने सभी श्रद्धालुओं को भक्ति के रंग में रंग दिया।

## न्यायोत्सव सप्ताह का प्रारंभ, मैराथन के साथ संपूर्ण सप्ताह होंगे विधिक सेवा सप्ताह पर विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार व प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर महेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सागर द्वारा जिले में 09 नवम्बर से 14 नवम्बर तक न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत कानूनी जागरूकता प्रदर्शनी एवं मैराथन, जेलों में कानूनी जागरूकता शिविर, स्कूलों / कॉलेजों विश्व शिक्षा दिवस जागरूकता, ग्रामीण और श्रमिक क्षेत्र में जागरूकता शिविर, बाल देखभाल संस्थानों का निरीक्षण एवं जागरूकता शिविर, बालदिवस समारोह कानूनी और जागरूकता शिविर एवं समापन में बाईक/ साइकिल रैली व अन्य विविध गतिविधियों का आयोजन किया जावेगा। मैराथन कार्यक्रमों की श्रृंखला में विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न जन-हितार्थ योजनाओं से आमजन को जागरूक किये जाने हेतु 09 नवंबर को प्रातः 07.30 बजे पी.टी.सी. ग्राउंड, सागर से विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर एवं जिला अभिभाषक संघ सागर के संयुक्त तत्वाधान में जिला प्रशासन व पुलिस विभाग के सहयोग से न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह शुभारंभ दिवस के अवसर पर पी.टी.सी. ग्राउंड सागर से मैराथन आयोजित की गई, जो कि नगर के प्रमुख चौराहों व मार्गों से होते हुए जिला न्यायालय परिसर में संपन्न हुई।



मैराथन का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर महेश कुमार शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रदीप सोनी विशेष न्यायाधीश, प्रशांत कुमार विशेष न्यायाधीश विद्युत, अन्य न्यायाधीश गण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिन्हा, जितेन्द्र सिंह राजपूत अध्यक्ष अभिभाषक संघ, वीरेन्द्र सिंह राजपूत सचिव जिला अधिवक्ता संघ सागर, अंकित श्रीवास्वत सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मिथिलेश डेहरिया जिला विधिक सहायता अधिकारी, पुलिस विभाग व जिला प्रशासन विभाग के अधिकारीगण, समाजसेवी संगठनों के सदस्य, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक विद्यार्थीगण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स, जिला मुख्यालय के न्यायालयीन कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

मैराथन के माध्यम से संदेश प्रसारित किए जाने का प्रयास किया गया कि आमजन संपूर्ण विधियों के संबंध में जागरूक हों एवं अपना जीवन सफलता एवं समृद्धता के साथ व्यतीत करें। इसमें समाज के प्रत्येक वर्ग, महिला-पुरुष, बच्चों एवं वृद्धों के अधिकारों की बात की गई।

## योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग की मुहिम, हर विवाह का होगा पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

देव उठनी एकादशी के साथ ही विवाहों का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। विवाहों के शत-प्रतिशत पंजीयन के लिये प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी किये गये हैं। इससे विवाहों का शत-प्रतिशत पंजीयन हो सकेगा, जिससे भविष्य में दंपत्ति को कानूनी अड़चनों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश विवाह रजिस्ट्रेशन नियम 2008 के अनुसार राज्य के भीतर भारत के नागरिकों के बीच किसी भी विधि या रूढ़ि के अधीन सत्यापित किये गये विवाह का पंजीयन किया जाता है। विवाहों का पंजीयन नहीं होने पर विशेष तौर पर महिलाओं को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पति की मृत्यु के बाद उनको मिलने वाले स्वत्वों के भुगतान आदि में परेशानी होती है। आयुक्त आर्थिक एवं सांख्यिकी विकास मिश्रा ने बताया है कि विवाह पंजीयन के लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करने हेतु प्रदेश के समस्त कलेक्टरों का ध्यान आकृष्ट किया गया है।

जिलों में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री निकाह योजना एवं अन्य सामूहिक विवाहों में कार्यक्रम स्थल पर ही विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने का सुझाव दिया गया है। आयुक्त श्री मिश्रा ने सामूहिक विवाह कराने वाली सभी संस्थाओं से जागरूकता बढ़ाने मुहिम में बढ़-चढकर हिस्सा लेने की अपील की है। स्थानीय निकायों, सार्वजनिक स्थलों, शादी हॉल और मैरिज गार्डन में अनिवार्य रूप से विवाह पंजीयन करवाने संबंधी होर्डिंग लगाने के निर्देश जारी किये गये हैं।

## शहर में डेयरी संचालित करने वालों के पीएम आवास रद्द किए जाएंगे पीएम आवास योजना से उन्हें प्राप्त 2.5 लाख रुपए वापस वसूले जाएंगे

**सागर ।** सागर शहर में संचालित डेयरियों को शहर से बाहर विस्थापित करने के उद्देश्य को शत प्रतिशत पूरा किया जायेगा। इसके लिए शहर में डेयरी संचालित करने वालों पर दिन पे दिन नगर निगम की कार्यवाही कठोर होगी, उक्त बात निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने रविवार को शहर के सुभाष नगर वार्ड और भगवानगंज वार्ड में डेयरियों का निरीक्षण कर कही। उन्होंने इन वार्डों में डेयरी संचालक प्रभु यादव/राम सहाय यादव, कन्हैया लाल/नाथूराम पटैल, रामकुमार/बाबूलाल राय, आकाश/रविशंकर/भागीरथ यादव, खेमचंद/ प्यारेलाल पटैल, विक्रम/राजाराम यादव और विजय/राजाराम यादव की डेयरियों का निरीक्षण किया और उक्त सभी पर एक-एक हजार रूपये का जुर्माना कराते हुए एक दिन में अपनी अपनी डेयरियां शहर से बाहर विस्थापित करने का समय दिया। उन्होंने कहा की यदि समय देने के बाद भी डेयरी शहर से बाहर नहीं की जाती है तो प्रत्येक डेयरी संचालक पर एक हजार रूपये से प्रारम्भ जुर्माना प्रत्येक अगले दिन डबल कर बसूला जायेगा। उन्होंने कहा की शहर से डेयरी विस्थापन की यह मुहिम लम्बे समय से चल रही है अब इस मुहिम को अंतिम पड़ाव तक पहुंचाने का समय है। डेयरी विस्थापन स्थल हफसिली में डेयरी संचालकों की मांग अनुरूप विभिन्न सुविधाओं की व्यवस्था भी की गई है। और जो भी मूलभूत आवश्यकतायें होंगी वो निगम प्रशासन तत्परता से उपलब्ध कराएगा। परन्तु शहर को पशु विचरण मुक्त बनाने के लिए सबसे पहले डेयरियों का शहर से बाहर जाना अनिवार्य है।

## अवसरवादी राजनीति लोकतंत्र को कमजोर करती है: पूर्वमंत्री खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



धर्म, संस्कृति व संस्कार जीवन के आधार हैं, इनके बिना जीवन का अर्थ नहीं है। अगली पीढ़ी को यह नहीं दे सके तो अपार धन दौलत भी किसी काम की नहीं। यह उद्गार पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बाघराज वार्ड में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में अपने संबोधन में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि अवसरवादी राजनीति लोकतंत्र को कमजोर करती है, इससे लोकतंत्र में नागरिकों की आस्था कम होती है।

निगम एमआईसी सदस्य राजकुमार पटेल एवं उमेश यादव द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री, भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि संस्कार विहीन संतान देश, समाज और परिवार तीनों के लिए अहितकारी होती है। संतान ही सबसे बड़ी संपदा होती है यदि वही संस्कार विहीन हो तो जीवन कष्टमय हो जाता है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित दो हजार से अधिक बहिनों से कहा कि संस्कारों के निर्माण में मां की सबसे बड़ी भूमिका है। उसी के संस्कारों से देश, समाज और परिवार का चरित्र निर्माण व भविष्य निर्माण होता है। उन्होंने महाभारत के अभिमन्यु द्वारा मां के गर्भ में चक्रव्यूह भेदन की कला सीखने का उद्धरण सुनाते हुए कहा कि गर्भकाल के दौरान देखे गए स्तरहीन टीवी सीरियल और मोबाइल की रीलें आपकी संतान पर प्रभाव डालेंगे। इसलिए गीता, रामायण पाठ, भजन आदि धार्मिक गतिविधियां और गणित जैसे विषयों का अभ्यास आपके गर्भस्थ शिशु को अच्छे संस्कारों का आरंभ कर सकते हैं। यदि सभी माताएं ऐसा करें तो भगवान राम, भगवान कृष्ण जैसे बेटे और सीता, पार्वती जैसी बेटियां जन्म ले सकती हैं। पअपने बच्चों को ऐसे संस्कार दें कि वे सूर्योदय के पूर्व जागें और प्रातः काल सूर्य भगवान, अपने आराध्य भगवान तथा माता पिता को प्रणाम करें। इसके धार्मिक लाभ के साथ वैज्ञानिक लाभ भी हैं। उन्होंने कहा कि आज घरों का मालिक ही मोबाइल हो गया है। पूरा परिवार अलग अलग बैठा अपने मोबाइलों में समय नष्ट कर रहा है जिससे परिवारों में आत्मीयता व परिवार भाव भी नष्ट हो रहा है।

### कश्मीर से कन्याकुमारी की 3700 किमी की यात्रा पर

## अस्थमा से जंग के लिए निकला जांबाज साइकिल यात्री : फुरकान अहमद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

23 वर्षीय हैदराबाद निवासी फुरकान अहमद इन दिनों अपने साहस और आत्मविश्वास से देशभर के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गया है। अस्थमा जैसी बीमारी से जूझने के बावजूद यह युवक साइकिल पर सवार होकर कश्मीर से कन्याकुमारी तक 3700 किलोमीटर की एकल यात्रा पर निकला है।

फुरकान ने 28 अक्टूबर 2025 को श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चौक से अपनी यात्रा की शुरुआत की थी। अब तक वह लगभग 1450 किलोमीटर की दूरी तय कर चुका है। यात्रा का 12वां पड़ाव मध्यप्रदेश के सागर शहर में रहा, जहां उसने कुछ देर विश्राम कर स्थानीय लोगों से मुलाकात की और फिर लखनादौन के लिए रवाना हुआ। फुरकान पेशे से इंटीरियर



डिज़ाइनर हैं और साथ ही एक निजी व्यवसाय भी करते हैं। उन्होंने बताया कि यह यात्रा उन्होंने किसी रिकॉर्ड या पहचान के लिए नहीं, बल्कि अपने डर को हराने और अपनी शारीरिक क्षमता को परखने के लिए शुरू की है।फुरकान ने बताया कि यात्रा के दौरान वह अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखते हैं। दवाइयों का एक छोटा बैग और साइकिल की रिपेयरिंग के लिए जरूरी टूल किट हमेशा साथ रहती है।

उनका रोज़ का आहार बेहद सादा है - दही-चावल, दाल-रोटी और जैम-ब्रेड।हर दिन वह करीब 170 से 200 किलोमीटर का सफर तय करते हैं, और हर 20 से 30 किलोमीटर बाद थोड़ा विश्राम लेते हैं। यात्रा का उनका दैनिक बजट लगभग 1300 से 1500 रुपए है।फुरकान ने बताया कि अब तक की यात्रा में उन्हें दिल्ली का इंडिया गेट सबसे ज्यादा पसंद आया, जबकि सागर में उन्हें एक पुजारी ने आशीर्वाद देकर आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएँ दीं। यदि सब कुछ योजना के अनुसार चलता रहा तो फुरकान 25 नवम्बर की सुबह कन्याकुमारी पहुंचकर अपनी यह अद्भुत यात्रा पूरी करेंगे।

3 बार मारपीट, वीडियो वायरल लेकिन पुलिस रही मौन, संरक्षण में घूमता रहा आरोपी

# पुलिस की मौन ड्यूटी ने छीनी रजनेश की सांसे, निगरानीसुदा पर कार्रवाई नहीं





हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

कोतवाली पुलिस का उदासीन व मौन रवैया एक युवक की मौत का कारण बन गया। कोतवाली पुलिस की सक्रियता व न्याय के प्रति निष्ठा का प्रमाण इसी मामला से उजागर हो रहा है कि शहर के वार्ड क्रमांक 12 निवासी एक युवक के साथ अलग अलग जगहों पर कुछ युवकों द्वारा लगातार 3 बार मारपीट की जाती है। मारपीट के सीसीटीवी फुटेज भी वायरल होते है। जिसके आधार पर पीड़ति युवक के पिता द्वारा पुलिस में जाकर न्याय की गुहार लगाई जाती है लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती। परिणामस्वरूप न्याय का इंतजार करते करते पीड़ति युवक की आख़रिकार मौत हो जाती है। जिसके बाद भी पुलिस द्वारा मृतक के पिता को न्याय दिलाने के नाम पर चक्कर पर चक्कर लगवाये जा रहे। इस मामले से सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहर में असमाजिक तत्वों, अपराधियों एबं आमजन को लेकर कोतवाली पुलिस का क्या नजरिया है।

## मारपीट की शिकायत करने पर बार बार की गई मारपीट

*ढोंगा पानी की टंकी के पास वार्ड क्रमांक 12 निवासी मोहन वाल्मीकि ने बताया कि उनके 38 वर्षीय लडके रजनेश वाल्मीकि के साथ कुछ युवकों ने मारपीट की थी। जिसका सीसीटीवी फुटेज भी देकर कोतवाली पुलिस में लिखित आवेदन के साथ शिकायत की गईं लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गईं। जिसके बाद आरोपियों के हौसले बुलंद होने पर रजनेश के साथ दो बार पुनः मारपीट की गईं। जिसके बारे में भी पुलिस को सूचित किया लेकिन पुलिस ने कार्यवाही नहीं की।*

## मारपीट में शामिल आरोपी निगरानीसुदा बदमाश कोतवाली में करता है कार्य

*रजनेश के पिता मोहन वाल्मीकि ने बताया कि रजनेश के साथ मारपीट करने बालो में शामिल विनोद उर्फ़ कजरा वाल्मीक पर 11 मामले दर्ज है। और विनोद उर्फ़ कजरा एक निगरानीसुदा बदमाश है। जो कोतवाली में ही सफाई का कार्य करता है और कोतवाली में ही सुबह से शाम तक पुलिकर्मियों के साथ रहता है। जिसकी बजह से पुलिस द्वारा विनोद को संरक्षण देते हुए कार्यवाही नहीं कर रही।*

## पहले घर पर मारपीट, फिर दुकान और ग्राउंड पर मारपीट

*मोहन वाल्मीकि ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 अक्टूबर को विनोद उर्फ कजरा बाल्मीक के साथ उसका भतीजा निहाल बाल्मीक, विकास बाल्मीक, विजय बाल्मीक, प्रेम बाल्मीक एक राय होकर मेरे घर पर आये और घर पर लगी झालर तोड़कर लड़ने लगे। जब बिरोध किया तो मारपीट पर उतारू हो गये। जिसकी शिकायत मोहन ने कोतवाली पुलिस में की। इसी शिकायत से नाराज होकर उक्त आरोपियों ने रजनेश वाल्मीक के साथ दुकान से सामान खरीदते समय पुनः मारपीट की। जिसकी शिकायत पुलिस से की गईं लेकिन पुलिस मौन रही। फिर इसके बाद तीसरी बार रजनेश के साथ ढोंगा ग्राउंड पर मारपीट की गईं। लेकिन पुलिस फिर भी मौन रही और आरोपियों के बिरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की।*

## सुरक्षा व न्याय की आस करते आख़रिकार थम गईं रजनेश की सांसे

*मोहन ने बताया कि तीसरी बार मारपीट की घटना होने के बाद रजनेश की हालत खराब हो गईं। जिससे उसकी मौत हो गईं। और जब रजनेश को अस्पताल लें जाया गया तब डॉक्टरो ने रजनेश को मृत घोषित कर दिया। जिसका पोस्टमार्टम कराया गया। लेकिन पुलिस ने इसके बाद भी आरोपियों के बिरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की। अभी भी पुलिस द्वारा कहा जा रहा है कि सागर से रिपोर्ट आने के बाद ही कोई कार्यवाही की जा सकेगी।*

## पुलिस नकार रही मारपीट की वजह से मौत होने की बात

*जब उक्त मामले में कोतवाली प्रभारी ब्रजेन्द्र चाचोदिया से बात की गईं तो उन्होंने बताया कि रजनेश के साथ मारपीट होने की घटना और मौत होने के दिन में बहुत अंतर है। इसलिये अभी मारपीट की बजह से मौत होना बताया जाना सही नहीं है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। बातचीत के दौरान ही जब कोतवाली प्रभारी चाचोदिया को बताया गया कि जिला अस्पताल से पीएम रिपोर्ट तो आ चुकी है तब उन्होंने जांच करने के बाद कार्यवाही करने की बात कही।*

पुलिस ने लौटाई गुमशुदा हुई मासूम की मुस्कान

# एसपी मंडलोई के निर्देशन में चल रहा मुस्कान अभियान बना उम्मीद की किरण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिलेभर में संचालित पुलिस के अभियान मुस्कान के तहत बच्चों की सुरक्षा, खोजबीन एवं संरक्षण के लिए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में निरंतर प्रयास किये जा रहे है। जिसके तहत जिले से गुमशुदा हुए नाबालिग बच्चो एबं महिलाओ को तत्परता के साथ ढूंढ़कर उन्हें उनके परिजनों को सौंपने का कार्य पुलिस द्वारा किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य हर उस मासूम चेहरे पर फिर से मुस्कान लाना है जो किसी वजह से अपने घर-परिवार से दूर हो गया हो। इसी संकल्प के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह एवं एसडीओपी राहुल कटरे के निर्देशन में देरी चौकी प्रभारी चंदन शाक्य के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। यह टीम नाबालिक बालिका के अपहरण प्रकरण की जांच में निरंतर सक्रिय रही। पुलिस टीम ने सतत प्रयास, मुखबिर तंत्र की सहायता और सूझबूझ के साथ कार्य करते हुए बालिका को ढूंढ़कर दिगोड़ा क्षेत्र से सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया। और फिर पुलिस द्वारा बालिका को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया, जिसके बाद परिजनों की आँखों में राहत के आँसू और हृदय से पुलिस के लिये धन्यवाद निकला। जो पुलिस के प्रयासों की सच्ची सराहना बन गया। इस कार्य में देरी चौकी प्रभारी चंदन शाक्य, प्रधान आरक्षक अजय यादव सहित देरी चौकी के पुलिस स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। इस दौरान पुलिस अधिकारियो ने जागरूक करते हुए कहा कि नाबालिक बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए जिला पुलिस हर पल प्रतिबद्ध है। पुलिस जनता से अपील करती है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल निकटतम थाने या डायल 112 पर दें। क्योंकि जिला पुलिस का संकल्प है कि हर मुस्कान सुरक्षित हो।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भाजपा नेता विकास ने की पहल

# तारामाई मंदिर में रोप-वे की मांग को लेकर सौंपा ज्योतिरादित्य सिंधिया को ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

भाजपा नेता विकास यादव ने दिल्ली में केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर निवाड़ी जिले के प्रसिद्ध तारामाई मंदिर तक रोप-वे निर्माण की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने इस संबंध में सोंपे गये मांग पत्र में मंदिर तक पहुँचने में श्रद्धालुओं को आने वाली कठिनाइयों का विस्तार से उल्लेख किया। भाजपा नेता विकास यादव ने बताया कि निवाड़ी जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर सिनौनिया गाँव की डायस्पोर पहाड़ी पर स्थित तारामाई मंदिर तक पहुँचने के लिए श्रद्धालुओं को लगभग 436 सीढ़ियाँ चढ़नी पड़ती हैं, जो विशेष रूप से बुजुर्गों और महिलाओं के लिए अत्यंत कठिन है। उन्होंने कहा कि 23 जनवरी 2023 को ओरछा में आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इस मंदिर के लिए भक्तों की सुविधा हेतु रोप-वे निर्माण की घोषणा की थी। उस समय इस घोषणा से श्रद्धालुओं में उत्साह की लहर दौड़ गई थी, लेकिन प्रशासनिक लापरवाही के चलते निर्माण कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हो सका है। भाजपा नेता यादव ने कहा कि यह मंदिर लगभग 450 वर्ष पुराना ऐतिहासिक स्थल है, जहाँ देवी तारामाई के साथ हनुमान जी, भैरव जी और गणेश जी की भी प्रतिष्ठा है। यह स्थान रघुकुल राजघराने की कुलदेवी के रूप में भी जाना जाता है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, जब महारानी कुँवर गणेश प्रभु श्रीराम की प्रतिमा अयोध्या से ओरछा लाई थीं, उसी समय उन्होंने इस मंदिर की स्थापना भी कराई थी। उन्होंने कहा कि यदि यहाँ रोप-वे का निर्माण होता है, तो यह न केवल श्रद्धालुओं के लिए राहत का साधन बनेगा, बल्कि इस पवित्र स्थल को धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उक्त मांग पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने तारामाई मंदिर में रोप-वे निर्माण के लिये पूर्ण सहयोग करने का भरोसा दिया और कहा कि इस विषय को गंभीरता से लेकर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

अभियान में सर्वाधिक सदस्य जोड़ने पर पार्थसिंह को मिला नेतृत्व का ताज

# जटिल प्रक्रिया में संगठन की क्षमता दिखाने पर बने युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



कांग्रेस पार्टी के संगठन विस्तार अभियान के तहत हुए युवा कांग्रेस के जिला स्तरीय चुनाव में पार्थ सिंह देव ने शानदार जीत दर्ज करते हुए जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित होकर नेतृत्व की कमान संभाल ली है। पार्थ सिंह देव का संबंध जिले के प्रतिष्ठित राजनैतिक परिवार से है। वे सन 1962 से 1972 तक लगातार दो सत्रों तक टीकमगढ़ के विधायक रहे स्वर्गीय ज्ञानेंद्र सिंह जूदेव गिन्नी राजा के पौत्र हैं। साथ ही मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वजीत सिंह जूदेव के कनिष्ठ पुत्र हैं। युवा कांग्रेस के इस बार के चुनाव में संगठन ने पदाधिकारियों के चयन के लिए पारदर्शी और चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया अपनाई थी। पार्थ सिंह देव ने बताया कि पार्टी ने इस बार पात्रता का नया नियम लागू किया था। जिसके अनुसार जो कार्यकर्ता जितने अधिक कांग्रेस के सदस्य बनाएगा, उसी को पदाधिकारी बनने का अवसर मिलेगा। इस सदस्यता अभियान में प्रत्येक व्यक्ति की कांग्रेस सदस्यता के लिए वीडियो प्रमाण और वोटर आईडी की अनिवार्यता थी। कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर सदस्यता दिलानी पड़ती थी। इस कठिन और तकनीकी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा करते हुए पार्थ सिंह देव ने जिले में सर्वाधिक सदस्य बनाए और सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष निर्वाचित हुए। पदभार मिलने के बाद पार्थ सिंह देव ने कहा कि यह पद मेरे लिए सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। मैं युवा कांग्रेस को गांव-गांव तक सक्रिय करूंगा और युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाऊंगा। संगठन में पारदर्शिता और भागीदारी ही मेरी प्राथमिकता होगी। जिले में जूदेव परिवार का राजनीति में पुराना योगदान रहा है। स्व. ज्ञानेंद्र सिंह जूदेव अपने समय में विकासवादी सोच और जनता के संपर्क में रहने के लिए जाने जाते थे। अब उनके पौत्र पार्थ सिंह देव ने उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए संगठनात्मक राजनीति में अपनी नई भूमिका तय की है।

कानून के प्रति जागरूक समाज ही न्यायपूर्ण राष्ट्र की असल नींव

# विधिक सेवा दिवस पर मैराथन दौड़ का आयोजन, न्यायमूर्ति ने दिखाई हरी झंडी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

न्यायोत्सव सप्ताह के तहत विधिक सेवा दिवस के अवसर पर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आयोजित हुआ, जिसमें न्यायपालिका और पुलिस विभाग के अधिकारी, वकील, विद्यार्थी और सामाजिक संस्थाओं के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ जबलपुर के न्यायमूर्ति द्वारकाधीश बंसल ने सर्किट हाउस परिसर से हरी झंडी दिखाकर किया। यह दौड़ सर्किट हाउस से शुरू होकर मिश्रा चौराहा, पुलिस लाइन, जिला अस्पताल चौराहा होते हुए पुनः सर्किट हाउस पहुंचकर समापन किया गया। अधिकारियो ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आमजन को कानूनी रूप से सशक्त और जागरूक करना था, ताकि वे अपने संवैधानिक अधिकारों की जानकारी प्राप्त कर सकें और आवश्यक होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की निःशुल्क कानूनी सेवाओं का लाभ उठा सकें। मैराथन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रवीणा व्यास, विशेष न्यायाधीश संजय कुमार गुप्ता, समस्त न्यायिक अधिकारी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुनीता गोयल, जिला विधिक सहायता अधिकारी अनुज कुमार चंसोरिया, पैनल अधिवक्ता, ग्रामीण स्वावलंबन समिति के सदस्य तथा सरोज कॉन्वेंट स्कूल के छात्र-छात्राएँ शामिल हुए। इसके उपरांत न्यायमूर्ति बंसल ने पुलिस लाइन स्थित दिशा लर्निंग सेंटर में अध्ययनरत बच्चों से मुलाकात की। उन्होंने बच्चों को शिक्षा का महत्व समझाते हुए कहा कि लगन और सतत प्रयास से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

प्रदेशाध्यक्ष अग्रवाल ने किया नियुक्ति पत्र जारी

# अभिषेक जैन मैनवार बने वैश्य महासम्मेलन जिला अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश ने संगठन विस्तार की प्रक्रिया के तहत अभिषेक जैन मैनवार को जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेशाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में उन्हें संगठन की गतिविधियों को ग्राम पंचायत स्तर तक पहुंचाने और वैश्य समाज की एकता व हित रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी किये गये नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि अभिषेक जैन मैनवार अपने क्षेत्र में समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी रहे हैं इसलिये उनके नेतृत्व में संगठन को नई दिशा मिलेगी। संगठन ने उनसे अपेक्षा जताई है कि वे जिले में वैश्य महासम्मेलन के कार्यों को गति प्रदान करेंगे और अपने सहयोगियों के साथ मिलकर समाज के हर वर्ग तक संगठन की पहुँच सुनिश्चित करेंगे। प्रदेशाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने पत्र में उल्लेख किया है कि हमारा उद्देश्य वैश्य समाज के हितों की रक्षा करना और उन्हें सुरक्षा व एकता का भाव देना है। इसलिये मुझे विश्वास है कि आप इस महत्वपूर्ण कार्य में सफल होंगे। संगठन ने स्पष्ट किया है कि जिला स्तर पर नए नेतृत्व से समाज के हितों की सुरक्षा, युवाओं की भागीदारी और सामूहिक शक्ति को मजबूत करने का कार्य तेज़ी से आगे बढ़ाया जाएगा।

आने वाली पीढ़ियों के जीवन और भविष्य की नींव हैं वृक्षः न्यायमूर्ति

# जबलपुर हाइकोर्ट जज ने किया पौधारोपण, एसपी मंडलोई की हरित पहल की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

वृक्ष सिर्फ हरियाली नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की सांसे है। इनकी रक्षा कर इन्हे सहेजना हर नागरिक का कर्तव्य है। उक्त बात मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के न्यायमूर्ति द्वारकाधीश बंशल ने पुलिस लाइन परिसर स्थित माँ की बगिया में पौरोपण करते हुए कही। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रवीणा व्यास, जिला न्यायालय के न्यायाधीशगण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, रक्षित निरीक्षक कैलाश पटेल, कोतवाली टीआई ब्रजेन्द्र चाचोदिया, सूबेदार उत्तम सिंह सहित जिला पुलिस बल के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। न्यायमूर्ति बंशल ने कहा कि वृक्ष जीवन के मूल आधार हैं, और उनका संरक्षण केवल पर्यावरण का नहीं बल्कि मानवता का भी संरक्षण है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि हर व्यक्ति कम से कम एक वृक्ष अवश्य रोपे और उसकी देखभाल को अपने सामाजिक कर्तव्य के रूप में निभाए।





## एसपी मंडलोई की हरित पहल मां की बगिया की सराहना

वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान न्यायमूर्ति बंशल ने पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा माँ की बगिया योजना की प्रशंसा की और कहा कि यह पहल पुलिस बल की जन-जागरूकता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी की मिसाल है। उन्होंने कहा कि जब वर्दीधारी जवान पौधों की परवरिश में भागीदार बनते हैं, तो समाज स्वतः ही हरित सोच की दिशा में अग्रसर होता है।

## 10 हजार पौधे का हरित उद्यान व वेस्टेज पानी से सिंचाई व्यवस्था बनी मॉडल

*पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने न्यायमूर्ति बंसल को बताया कि पुलिस लाइन परिसर में 10 हजार से अधिक पौधे लगाकर एक सघन हरित उद्यान विकसित किया गया है। जिसकी सिंचाई के लिए आवासीय परिसर के वेस्टेज पानी को शुद्ध कर पुनः उपयोग में लाया जा रहा है। यह पहल पूरे प्रदेश में एक आदर्श मॉडल के रूप में सामने आई है। एसपी मंडलोई ने बताया कि इसी तर्ज पर जिले के सभी थाना और चौकी परिसरों में भी हरित उद्यान विकसित किए जा रहे हैं, ताकि पुलिस बल और नागरिक मिलकर हरित टीकमगढ़, स्वच्छ टीकमगढ़ का सपना साकार कर सकें। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हरित टीकमगढ़, स्वच्छ टीकमगढ़ का संकल्प दोहराया और निरंतर वृक्षारोपण करते रहने का प्रण लिया।*

## 13 हजार से अधिक छात्रों की प्रोफाइल भी अब तक नहीं हो पाई अपडेट

# 1925 विद्यार्थियों को झटका, खातों में नहीं पहुंच पाई छात्रवृति की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

समेकित छात्रवृत्ति योजना के तहत विद्यार्थियों को मिलने वाली छात्रवृति राशि जिले के 1925 विद्यार्थियों के बैंक खातों में नहीं पहुंच पाई है। इनमें से कई के ट्रांजेक्शन तकनीकी कारणों से नहीं, बल्कि अपर्याप्त या गलत जानकारी के कारण फेल हुए हैं।

जो सीधे तौर पर संबंधित स्टाफ की लापरवाही को दर्शाता है। यह स्थिति उन गरीब और जरूरतमंद छात्रों के लिए एक बड़ा झटका है जो अपनी पढ़ाई के लिए इस छात्रवृत्ति पर निर्भर रहते हैं। संकुल व स्कूल प्राचार्य की लापरवाही के कारण 1781 स्कूली छात्रों को योजना से वंचित रहना पड़ा है। इतना ही नहीं जिले के 13 हजार से अधिक छात्र छात्राओं की प्रोफाइल भी अभी तक अपडेट नहीं हो पाई हैं। इसको लेकर भी जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल खडे हो रहे है। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार श्योपुर जिले में कक्षा 1 से 12 वीं तक 134357 विद्यार्थी दर्ज हैं। इनमें 70 हजार 874 बालक और 63 हजार 483 बालिकाएं शामिल है। जरूरी मापदंडों को पूरा करने वाले जिले के 56 हजार 418 विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति भुगतान के ऑर्डर हुए थे। प्रदेश सरकार ने सिंगल क्लिक के माध्यम से छात्रवृत्ति की राशि अंतरित की तो श्योपुर जिले के 47015 छात्रों के खाते में ही राशि पहुंची, जबकि 1925 छात्रों के खाते में पैसा ट्रांसफर नहीं हुआ है।




### छात्रवृति से वंचित विद्यार्थियों को पढ़ाई करने में होगी परेशानी

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार छात्रवृति पाने वाले विद्यार्थियों की सूची में शामिल कई विद्यार्थी बेहद गरीब है। जिनके लिए छात्रवृति की राशि आगे पढाई करने में काफी अहम योगदान निभाती है। ऐसे में जिले के जिन 1925 विद्यार्थियों के खातो में छात्रवृति राशि नहीं पहुंच पाई है,उनमें से कई विद्यार्थियों को अब आगे पढाई करने में असुविधाएं उठानी पडेगी। इस परेशानी को देखते हुए शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों को इस दिशा में गंभीरता दिखाते हुए उन कारणों को जल्दू दूर करना चाहिए,जिन कारणों के कारण छात्रवृति की राशि छात्र छात्राओं के खातो में नहीं पहुंच पाई है।

### 13787 विद्यार्थियों की प्रोफाइल अपडेट नहीं, हो सकते है योजना के लाभ से वंचित

विभागीय जानकारी के अनुसार विद्यार्थियों की प्रोफाइल अपडेट करने की जिम्मेदारी सभी स्कूल प्राचार्य के साथ ही संकुल प्रभारियों को सौंपी गई थी। स्कूल में दर्ज सभी छात्रों का प्रोफाइल अपडेट करना था, जिसमें समग्र आइडी, आधार कार्ड खाता नंबर दर्ज करना था व नाम आदि का सुधार करना था, लेकिन इस कार्य में कर्मचारियों ने जमकर लापरवाही बरती है, यही कारण है कि जिले में दर्ज 134357 विद्यार्थियों में से अभी तक सिर्फ 120570 विद्यार्थियों की ही प्रोफाइल अपडेट हो पाई है। जिनमें 63 हजार 229 बालक और 57 हजार 341 बालिकाएं शामिल है। इनके अलावा जिले में 13 हजार 787 छात्र छात्राएं ऐसे रह गए है,जिनकी प्रोफाइल अपडेट नहीं हो सकी है। प्रोफाइल अपडेट न होने के कारण छात्रों को आने वाले दिनों में भी शासन की योजना का लाभ प्राप्त करने से वंचित रह सकते है।

### खास खास

134357:जिले में दर्ज विद्यार्थी

120570:विद्यार्थियों की प्रोफाइल अपडेट

115809:विद्यार्थियों की प्रोफाइल लॉक्ड

56418:विद्यार्थियों को छात्रवृति देने के लिए हुआ ऑर्डर

47015:विद्यार्थियों के खातो में पहुंची छात्रवृति राशि

1925:विद्यार्थियों के खातो में नहीं पहुंची छात्रवृति राशि

### इनका कहना है

विद्यार्थियों की प्रोफाइल को शत प्रतिशत अपडेट किए जाने व ट्रांजेक्शन फेल होने के कारणों की जांच करने निर्देशित किया गया है। किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है, तो संबंधित प्राचार्य और संकुल केंद्र प्रभारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

एमएल गर्ग
डीईओ,श्योपुर

## व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए, ग्रामीणों को पलायन न करना पड़ेः लक्ष्मण सिंह

**जन जागरण के लिए पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ने किया आह्वान**



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पूर्व सांसद व चाचौड़ा के पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह ने शनिवार दोपहर मीडिया से रुबरु होते हुए गुना की विभिन्न समस्याओं पर भी चिंता जताई और युवाओं को जोड़कर जन जागरण के माध्यम से इन्हें समाप्त करने का बीड़ा उठाने की बात भी कही। पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह ने गुना जिले की व्यवस्था पर यह कहते हुए निशाना साधा है कि जिले के जनप्रतिनिधियों और कलेक्टर से जनता मिल नहीं पाती है, तो फिर जनता की समस्याओं का समाधान कैसे होगा। यही नहीं इस दौरान उन्होंने जनसुनवाई पर भी यह कहते हुए निशाना साधा है कि गुना में जनसुनवाई प्रायोजित होती है, जिसमें यह तय रहता है कि कौन अपनी समस्या कह सकेगा, प्रश्न कर सकेगा। सिंह ने इस दौरान शहर की समस्या पर यह कहते हुए चर्चा की कि यहां पानी की समस्या है बाढ़ आ गई थी, सफाई की भी बहुत बड़ी समस्या है। शहर के विकास पर चर्चा करते हुए श्री सिंह ने कहा कि गुना चारों ओर से घिरा हुआ है। इसीलिए इसे बहुत ज्यादा नहीं फैला सकते। राघौगढ़ की ओर फैलाना संभव नहीं है, बमोरी तरफ भी जगह नहीं है। ऐसी स्थिति में थोड़ा बहुत फैलाव अशोकनगर की ओर ही हो सकता है, लेकिन वहां भी नदी आड़े आती है। व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि गांव का व्यक्ति गांव में ही रहकर रोजगार प्राप्त कर ले तो उसे शहर में आने की जरूरत ही ना पड़े। क्योंकि जिले से पलायन बड़ी तादाद में हो रहा है और उसके परिणाम अच्छे नहीं निकल रहे है। इस दौरान उन्होंने राघौगढ़ इलाके में बंद पड़ी शुगर फैक्ट्री को फिर से चालू किए जाने की आवश्यकता जताते हुए कहा कि इससे जिले का विकास होगा। सिंह ने जिले में बेरोजगारी पर चिंता जताते हुए कि वे अब रोजगार को लेकर काम करेंगे। शहर के युवा को शहर में ही रोजगार मिले और गांव के ग्रामीणों को अपने रहवासी गांव में ही रोजगार मिले, वे इसके प्रयास करेंगे। इस दौरान उन्होंने जिले में सामाजिक समरसता यात्रा निकालने की घोषणा करते हुए इसकी विस्तृत जानकारी दी।



### करणी सेना जिला अध्यक्ष का संजय भार्गव ने किया स्वागत

**गुना।** राजपूत समाज के प्रमुख संगठन मां करणी सेना के नव-नियुक्त जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान ने मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में पदभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने संगठन की कार्यप्रणाली, उद्देश्य एवं समाजसेवा से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। जितेंद्र सिंह चौहान शुक्रवार को समाजसेवी संजय भार्गव के निवास पर पहुंचे जहां प्रभाकर भार्गव एवं भार्गव परिवार के अन्य सदस्यों ने उनका पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मंदिर जा रही युवती को छेडा, विरोध करने पर पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मंदिर पर दीपक रखने के लिए जा रही एक युवती के साथ नामजद आरोपी ने न सिर्फ छेडछाड कर दी,बल्कि विरोध करने पर मारपीट भी कर दी। यह मामला शहर श्योपुर का है। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। कोतवाली टीआई सतीश सिंह चौहान ने बताया कि श्योपुर निवासी युवती बीती शाम को अपने पडोस में स्थित मंदिर पर दीपक रखने के लिए जा रही थी,तभी उसे रास्ते में अरबाज खान निवासी वार्ड क्रमांक 10 श्योपुर मिल गया,जिसने युवती का बुरी नियत के इरादे से हाथ पकड लिया,जब युवती ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसे चाटा जड लिया और जबरदस्ती अपने साथ ले जाने लगा। चिल्लाने पर जब आसपास के लोग आ गए तो आरोपी मौके से भाग निकला। इस मामले में पीडित युवती की रिपोर्ट पर अरबाज खान के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## युवक से की मारपीट, नामजद पर की गई एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कराहल थाना क्षेत्र के ग्राम मेहरबानी में एक युवक की नामजद आरोपियों ने एक राय होकर लाठियो से मारपीट कर दी। इससे युवक घायल हो गया। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि यह विवाद एक दिन पहले हुई कहासुनी को लेकर हुआ। इस विवाद के दौरान बाबू जाटव, मंगल जाटव और दख्खो बाई ने मिलकर राजपाल जाटव की लाठियों से मारपीट कर दी। पुलिस ने राजपाल की रिपोर्ट पर तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।



### जिला अधिकारी करेंगे 5-5 स्कूलों का भ्रमण,बच्चों के साथ भोजन भी करेंगे

# बच्चों को मेन्यू अनुसार भोजन नहीं देने वाले समूह हटेंगे, निष्क्रिय सीएसी की होगी छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले के विद्यालयो में मेन्यू अनुसार भोजन नही देने वाले स्वसहायता समूहों को तत्काल प्रभाव से हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जायें। इसके साथ ही ऐसे सीएसी जो कई वर्षो से कार्यरत है एवं निष्क्रिय बने हुए है, उन्हें भी हटाने की कार्यवाही की जायें। उदासीनता बरतने वाले प्राचार्यो तथा शाला प्रभारियों के विरूद्ध भी समीक्षा के उपरांत कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। बच्चों को पीएम पोषण योजना अंतर्गत प्रोटोकॉल एवं मैन्यु अनुसार भोजन प्रदान किया जायें।

यह निर्देश रविवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए दिए। कलेक्टर ने इस बैठक में लगभग सवा सौ जिला एवं विकासखण्ड स्तर के अधिकारियों को भी 5-5 स्कूलों की जिम्मेदारी सौपते हुए उन्हें निर्देश भी दिए कि वे नियमित रूप से स्कूलों का भ्रमण करते हुए स्कूल में ही मध्यान्ह भोजन करेंगे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित शिक्षा, आदिम जाति कल्याण, जिला शिक्षा केन्द्र, महिला बाल विकास विभाग सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं बीईओ, बीआरसी, संकुल प्राचार्य, सीएसी उपस्थित थे। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यान्ह भोजन प्रदान करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। सीएसी लगातार स्कूलों का निरीक्षण करेंगे तथा प्रत्येक दिन किसी न किसी स्कूल में विद्यार्थियों के साथ बैठकर भोजन करेंगे। यह शिक्षा विभाग तथा बीआरसी, सीएसी, बीएसी की जिम्मेदारी होगी कि सभी विद्यालयों में बच्चों को मैन्यू अनुसार सम्मानजनक तरीके से भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होने कहा कि सीएसी जिस भी स्कूल में कमी आये तो तत्काल समूह का अनुबंध निरस्त करने की कार्यवाही सुनिश्चित करायें।

इसी प्रकार जिला अधिकारी आवंटित 5-5 स्कूलों का निरीक्षण करेंगे और बच्चों के साथ बैठकर भोजन करेंगे। इस संबंध में प्रत्येक माह प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जायेगा। उन्होने कहा कि एक ही स्थान पर 10 वर्षो से कार्यरत सीएसी को हटाया जायें। पीएम पोषण योजना के तहत मध्यान्ह भोजन के प्रत्येक दिन की जानकारी पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज की जाये। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि सभी जिला अधिकारी अगले एक सप्ताह में विजयपुर क्षेत्र के आवंटित विद्यालयों का भ्रमण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे, इसी प्रकार बीईओ, बीआरसी, बीएसी, सीएसी एक सप्ताह तक प्रत्येक दिन भ्रमण करेंगे और प्रतिवेदन डीपीसी के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। उक्त कार्य की एक सप्ताह उपरांत पुनः समीक्षा की जायेगी। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि सभी विद्यालयों में एमडीएम का मैन्यू दिनवार प्रदर्शित किया जायें, इसके साथ ही स्टॉफ सूची एवं मध्यान्ह भोजन प्रभारी के नाम प्रदर्शित किये जायें। विद्यालयों में टॉयलेट की व्यवस्था सुनिश्चित की जायें। मध्यान्ह भोजन के लिए उपयुक्त बर्तनों के संबंध में सभी शाला प्रभारियों से प्रमाणीकरण लिये जाने के निर्देश भी दिये गये।




### समूहों के अध्यक्ष, सचिवों की बैठक लेंगे एसडीएम

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि सभी एसडीएम अपने-अपने अनुभाग में संचालित विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन उपलब्ध करा रहें स्वसहायता समूहों के अध्यक्षों एवं सचिवों की बैठक लेंगे तथा उन्हें हिदायत देंगे कि बच्चों को मैन्यू अनुसार तथा पूरे प्रोटोकॉल के साथ गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जायें।

### एमडीएम की जानकारी दर्ज नहीं करने वाले सीएसी को नोटिस

बैठक में सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद ने निर्देश दिये कि मध्यान्ह भोजन पोर्टल पर प्रत्येक दिन की जानकारी दर्ज की जायें, ऐसा नही करने वाले सीएसी एवं शाला प्रभारियों पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि समय से खाद्यान का उठाव सुनिश्चित किया जायें। बैठक के दौरान उन्होंने ऑनलाइन रिपोटिंग की समीक्षा भी की तथा एमडीएम की जानकारी दर्ज नही करने वाले गोरस, बरगवा, उतनवाड, ढोढर, गोहटा, गोहेडा, ननावद, गढी आदि क्षेत्रो के सीएसी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये।

### कलश यात्रा के साथ भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ का हुआ मंगलाचरण

## कलिकाल में मोक्ष की प्राप्ति का माध्यम है भागवतःचैतन्य किशोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शहर के पाली रोड स्थित जयश्री पैलेस में रविवार को कलश यात्रा निकाले जाने के साथ श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। सुबह करीब नौ बजे कलश यात्रा एकीकृत बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना के साथ आरंभ हुई। कलश यात्रा में बडी संख्या में नारी शक्ति सिर में कलश लेकर चल रही थी। गाजेबाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा शहर के पाली रोड होते हुए कथा स्थल जय श्री पैलेस में पहुंचकर सम्पन्न हुई। जहां श्रीधाम वृंदावन से आमंत्रित युवा कथाव्यास पं. चैतन्य किशोर कटारे ने विधिवत देव पूजन उपरांत दिव्य श्रीमद भागवत कथा का मंगलाचरण आरंभ किया। उन्होने प्रथम दिवस श्रीमद्भागवत कथा के माहात्म्य पर विभिन्न उद्धरणों के साथ प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि श्रीमद भागवत कथा कलिकाल में मोक्ष की प्राप्ति का माध्यम है। कथा यजमान गर्ग परिवार ओछापुरा वालों ने बताया कि इस भागवत कथा का आयोजन 15 नवंबर तक चलेगा। प्रतिदिन कथा का वाचन दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा।

## ट्रैफिक पुलिस ने नियम तोड़ते पकड़े 22 वाहन, 10400 रुपए का वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ट्रैफिक पुलिस ने रविवार को शहर की सडकों की वाहनों की चेकिंग करते हुए 22 वाहनों को ट्रैफिक नियम तोडते हुए पकड़ा है। इन वाहनों पर पुलिस ने चालानी कार्रवाई करते हुए इन वाहनों के मालिकों से 10 हजार 400 रूपए का जुर्माना वसूला है। ट्रैफिक प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने बताया कि पुलिस कप्तान सुधीर कुमार अग्रवाल के द्वारा तीन दिन वाहनो की चेकिंग के लिए विशेष अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए है। इन्ही निर्देशों के पालन में रविवार को शहर की सडकों पर पुलिस टीम के साथ वाहनों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 22 वाहन नियमों को तोडते हुए संचालित हो रहे थे,इनमें तीन बाइक सवार जहां बिना हेलमेट बाइक चला रहे थे। वहीं 19 वाहन बिना नंबर संचालित हो रहे थे। इन सभी वाहनों के मालिकों पर जुर्माने के रूप में 10 हजार 400 रुपए की राशि वसूली गई है।



## विधिक सेवा दिवस पर मैराथन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह 2025 के अंतर्गत विधिक सेवा दिवस पर विशेष न्यायाधीश एवं माननीय प्रभारी प्रधान न्यायाधीश लीलाधर सोलंकी द्वारा जिला न्यायालय श्योपुर से न्याय के लिये दौड़, प्रत्येक कदम कानूनी जागरूकता की ओर की थीम पर आधारित मैराथन को हरी झण्डी दिखाकर प्रारंभ किया गया।

मैराथन जिला न्यायालय परिसर श्योपुर से प्रारंभ होकर समापन यातायात थाने पर किया गया। मैराथन में जिला न्यायालय श्योपुर के समस्त न्यायाधीशगण प्रतिष्ठा अवस्थी, प्रथम जिला न्यायाधीश, बबीता हौरा शर्मा, तृतीय जिला न्यायाधीश, संध्या मरावी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, वर्षा सूर्यवंशी मजूमदार, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अमोघ अग्रवाल, जे.एम.एफ.सी. श्योपुर, मनदीप कौर सेहमी, जे.एम.एफ.सी. श्योपुर, ऋचा भट्ट, जे.एम.एफ.सी, श्योपुर, पूर्वी राय, जे.एम.एफ.सी. श्योपुर, परवेज आलम, जे.एम.एफ.सी. श्योपुर, योगेश बंसल, जिला विधिक सहायता अधिकारी, श्योपुर,अनिल कुमार सेन, प्रशासनिक अधिकारी, श्योपुर, रामनाथ सिंह माहौर, उपप्रशासनिक अधिकारी, श्योपुर, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स, जिला अधिवक्ता संघ श्योपुर के अधिवक्तागण, पैरालीगल वालेंटियर्स, पैनल अधिवक्तागण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर व जिला न्यायालय के अधिकारी व कर्मचारीगण, जनसाहस, ग्रामीण स्वालंबन संस्था के जिला समन्वयक व जनसाथी, शासकीय स्नातकोत्तर महा विद्यालय, श्योपुर के एन.एस.एस. व एन.सी.सी के छात्र व छात्राएं द्वारा अपनी सहभागिता दी गई।

## सामाजिक व्यवस्था परिवर्तन के लिए मूल्यवान व्यक्तियों को आगे लाना होगा:पाराशर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



रविवार को संवैधानिक विचार मंच की एक बैठक महात्मा गांधी सेवा आश्रम पर आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी कैलाश पाराशर ने कहा कि चारों तरफ मूल्य का हनन हो रहा है लेकिन विचारों से बदलाव भी आ रहा है समाज में विघटन करने वाले ताकतों का सामना मूल्य मूल्यवान व्यक्ति ही कर सकते हैं इसलिए हमें सजग और मूल्यवान व्यक्तियों को आगे लाना पड़ेगा सामाजिक व्यवस्था बदलने की जरूरत है हमें हमेशा भाषा की गरिमा का ध्यान रखना होगा। बैठक का संचालन करते हुए समाजसेवी जयसिंह जादौन ने मंच का गठन के बारे में विस्तार से अवगत कराया। एडवोकेट जुगराज रावत, एडवोकेट सरफराज नकवी,रमेश गुप्ता, गंगाराम आदिवासी, सूरज्या आदिवासी ने भी बैठक को संबोधित करते हुए अपने विचार रखे। आभार प्रदर्शन मंच के एडवोकेट रामविलास बैरवा ने किया।

## मेडिकल कॉलेज में 98 छात्रों को मिला प्रवेश बिना फर्नीचर कैसे शुरू हो पाएगी कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



श्योपुर के मेडिकल कॉलेज में अंतिम काउंसलिंग के बाद 98 छात्र छात्राओ के प्रवेश हो गए है। अब प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं की कक्षाओं का संचालन आरंभ होगा। इसके लिए कॉलेज प्रबंधन की ओर से तैयारियां शुरू कर दी है।

खास बात यह है कि मेडिकल कॉलेज में फिलहाल फर्नीचर की व्यवस्था नहीं हो पाई है,ऐसे में सवाल उठ रहा है कि बिना फर्नीचर कक्षाओं का संचालन कैसे हो पाएगा। दरअसल नागदा में बने श्योपुर के मेडिकल कॉलेज का संचालन इसी सत्र से आरंभ होने जा रहा है। 100 सीटर वाले इस कॉलेज में अंतिम काउंसलिंग के बाद 98 छात्र छात्राओं का प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। यहां बता दें कि 90 विद्यार्थियों का प्रवेश पहले ही कंपलीट हो चुका था, शेष 10 सीटो के लिए काउंसिलंग हालही में आयोजित कराई गई है। जिसमें 10 सीटों के लिए 8 विद्यार्थियों ने प्रवेश हांसिल कर लिया है।

मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ अनिल अग्रवाल ने बताया कि प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। अब कक्षाओं का संचालन शुरू किए जाने के लिए कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन तो चल रहा है, लेकिन जल्द ही कॉलेज में भी कक्षाओं का संचालन शुरू किया जाएंगा। इसके लिए फर्नीचन की उपलब्ध कराई जाने की कार्रवाई चल रही है।

**खबर संक्षेप**

## 1390 कृषकों के द्वारा 23258 क्विंटल सोयाबीन का विक्रय किया गया

**अशोकनगर।** जिले में 1390 कृषकों द्वारा 23258 क्विंटल सोयाबीन का विक्रय अधिसूचित मण्डियों में किया गया है। उप संचालक कृषि अमित भदौरिया ने बताया कि सोयाबीन भावांतर योजना में पंजीकृत कृषक अपनी सोयाबीन फसल का विक्रय अधिसूचित मण्डियों में कर भावांतर योजना का लाभ उठायें। सोयाबीन का समर्थन मूल्य 5328/-रूपये प्रति क्विंटल है। सोयाबीन विक्रय अवधि 15 जनवरी तक रहेगी। किसान पहले जैसे ही मण्डियों में सोयाबीन की उपज का विक्रय करेंगे, एम.एस.पी. से कम कीमत मिलने पर योजना के तहत अंतर की राशि कृषकों को आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान की जायेगी। कृषक की पात्रता निर्धारण हेतु सोयाबीन फसल हेतु राज्य स्तरीय औसत उत्पादकता जो कि 1044 किलो ग्राम प्रति हेक्टेयर है। को प्रदेश के समस्त जिलों की उत्पादकता के रूप में मान्य किया गया है। जिले में भावांतर योजनान्तर्गत 5188 पंजीकृत एवं सत्यापित कृषक हैं। अभी तक 1390 कृषकों द्वारा 23258 क्विंटल सोयाबीन का विक्रय भावांतर योजनान्तर्गत अधिसूचित मण्डियों किया गया है। कृषकों से अपील है कि योजना का लाभ उठाएं।

## सेहराई निवासी अंकिता गोस्वामी सहायक प्रोफेसर के पद पर चयनित हुईं



**अशोकनगर।** जिले की सेहराई निवासी अंकिता गोस्वामी ने अपनी मेहनत और लगन से एमपीएससी (मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग) परीक्षा में राजनीति विषय से असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयनित होकर जिले का नाम रोशन किया है। इस परीक्षा में उन्होंने 113 पदों के लिए हुई चयन प्रक्रिया में 28वां स्थान हासिल किया। अंकिता की इस सफलता को लेकर उनके परिवार और गांव में खुशी का माहौल है। अंकिता वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) से राजनीति शास्त्र में पोस्टग्रेजुएट हैं, पिछले 10 सालों से दिल्ली में शिक्षा ग्रहण कर रही थीं। उन्होंने अपनी पीएचडी के अंतिम वर्ष में होने के साथ-साथ यह बड़ी सफलता हासिल की है। उनके पिता सेहराई निवासी पीके गोस्वामी वर्तमान में एनएफएल में सहायक प्रबंधक के पद पर पदस्थ हैं। भाई आशुतोष गोस्वामी मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर सचिव के रूप में कार्यरत हैं।

### सीएमओ गोपाल गुप्ता है साइलेंट पार्टनर, पार्षद शालिनी सोनी ने लगाया आरोप

# सड़क डामरीकरण कार्य में ठेकेदार का आर्थिक सहयोग कर रही है नगर परिषद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

करैरा नगर के मुख्य हृदय स्थल पुलिस सहायता केन्द्र से फूटा तालाब तक डामरीकरण कार्य में अनियमितताओं का नया विवाद खड़ा हो गया है। ढाई वर्ष पूर्व इसी ठेकेदार पर सड़क निर्माण में कमीशन न देने के गंभीर आरोप लगे थे, जिसके कारण कार्य लंबे समय तक अटका रहा। अब वही ठेकेदार पुलिस सहायता केंद्र से फूटा तालाब तक के मुख्य मार्ग पर डामरीकरण का काम चला रहा है, लेकिन विधिवत टेंडर होने के बावजूद नगर परिषद द्वारा अप्रत्यक्ष सहायता प्रदान की जा रही है। ठेकेदार को भुगतान परिषद से ही मिलना है, इसलिए उसके अपने मजदूरों और उपकरणों से कार्य पूरा करना चाहिए, लेकिन परिषद के सफाई कर्मचारियों को मुहैया कराकर साइट की सफाई करवाई जा रही है। यह व्यवस्था न केवल नियमों का उल्लंघन दर्शाती है, बल्कि वित्तीय पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े करती है। वार्ड 3 की पार्षद शालिनी सोनी ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यदि ठेकेदार स्वतंत्र रूप से काम कर रहा है, तो परिषद के संसाधनों का उपयोग क्यों हो रहा है? उन्होंने सीएमओ गोपाल गुप्ता पर सीधे आरोप लगाते हुए कहा कि वह इस कार्य में साइलेंट पार्टनर शिप की भूमिका निभा रहे है। सोनी के अनुसार, यह मामला विकास कार्यों में भ्रष्टाचार की जड़ को उजागर करता है, जहां जनता के टैक्स के पैसे का दुरुपयोग हो रहा है। सोनी ने जिला प्रशासन से तत्काल जांच की मांग की है, ताकि ऐसी अनियमितताएं दोहराई न जाएं और कच्ची गली का निर्माण पारदर्शी तरीके से पूरा हो सके।




**इनका कहना है...**

▶▶ *(1)सीएमओ साइलेंट पार्टनर है क्योंकि जहां ठेकेदार को काम करना चाहिए वहा परिषद के कर्मचारी काम रहे है जिन्हे परिषद से वेतन मिलता है और सीएमओ की भूमिका संदिग्ध प्रतीत होती है।*

**शालिनी सोनी, पार्षद वार्ड 3 करैरा**

▶▶ *(2) सड़क नगर परिषद के लिए बन रही है अपने सफाई कर्मचारी इसलिए साफ़ सफाई कर रहे है कि कोई कमी न रह जाये क्योंकि बाद में कोई समस्या आएगी तो हम पर ही कीचड़ उछालेंगे एवं लोग मानते नहीं है नई सड़क से गाड़िया निकाल देते है जिससे सड़क को नुकसान हो जायेगा इसलिए कचरा वाहन को अस्थाई रखवा दिया है रही बात पार्टनरशिप की तो काम पूर्व का है में कहा से पार्टनर हो गया।*

**गोपाल गुप्ता, सीएमओ करैरा**

### कचरा गाड़ी से बैरिकेडिंग का उपयोग , सीएमओ कर रहे हैं पूर्ण सहयोग

*पुलिस सहायता केंद्र से फूटा तालाब तक हो रहे डामरीकरण में नगर परिषद की कचरा गाड़ी का बैरिकेडिंग के रूप में उपयोग एक और चौंकाने वाली अनियमितता के रूप में सामने आया है, जो सीएमओ गोपाल गुप्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। सड़क निर्माण साइट के दोनों ओर बैरिकेड लगाने की जिम्मेदारी ठेकेदार की है, लेकिन परिषद की कचरा गाड़ी को इस काम में लगाया गया है, जिससे साइट की सुरक्षा और कार्य प्रगति दोनों प्रभावित हो रही है। पार्षद शालिनी सोनी ने आरोप लगाया कि यह व्यवस्था स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि सीएमओ गोपाल गुप्ता ठेकेदार के पार्टनर हैं, क्योंकि अन्यथा परिषद के सीमित संसाधनों को निर्माण कार्य में क्यों झोंका जा रहा है? सोनी ने कहा, ҳयदि पार्टनरशिप नहीं है, तो सफाई कर्मचारियों से लेकर कचरा गाड़ी तक का उपयोग क्यों हो रहा है? यह जनता के हितों के साथ खिलवाड़ है।ҳ स्थानीय निवासियों का कहना है कि हमारे गली मोहल्ले में आज कचरा गाड़ी नहीं भेजी गई। जब बाजार जाकर देखा तो कचरा गाड़ी बेरिकेट में उपयोग हो रही थी। यह मामला ढाई वर्ष पुराने कमीशन विवाद को फिर से जीवंत कर रहा है, जब ठेकेदार पर परिषद के अधिकारियों से रिश्वत मांगने के आरोप थे।सोनी ने कहा कि जिला कलेक्टर को उन्होंने पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने जांच समिति गठन की मांग की है, जिसमें ठेकेदार के पिछले रिकॉर्ड और वर्तमान सहायता की पड़ताल हो। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी प्रथाएं विकास बजट में फिसलन पैदा करती हैं, जहां ठेकेदार कम लागत में अधिक लाभ कमाते हैं। परिषद को चाहिए कि तत्काल कर्मचारियों को वापस बुलाए और ठेकेदार को अपनी जिम्मेदारी निभाने को मजबूर करे।*

### थाना करैरा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई, तस्करों में हड़कंप

## 25 किलो 600 ग्राम गांजे के पेड़ों को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा



पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड जी के द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थ, जुआ, सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन, अवैध शराब की धरपकड जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये हैं, उक्त निर्देशों के पालन मे अति० पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एस.डी.ओ.पी. करैरा डॉ आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन में दिनांक 07.11.2025 को थाना करैरा पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि मछावली के हार में मेघराज परिहार पुत्र गुलाबसिह परिहार निवासी ग्राम मछावली के बटाई के खेत में अवैध मादक पदार्थ गांजा के हरे पेड लगाये हुऐ है। उक्त सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर के बताये स्थान ग्राम मछावली के हार मेघराज परिहार के बटाई के खेत पर पहुंचे तो एक व्यक्ति मुखबिर द्वारा बताये हुलिया का खेत पर मिला जिससे नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम मेघराज परिहार पुत्र गुलाबसिह परिहार उम्र 45 साल निवासी ग्राम मछावली थाना करैरा जिला शिवपुरी का होना बताया। खेत पर तलाशी संदेही मेघराज परिहार के समक्ष ली गई तो खेत मे जगह-जगह हरे गांजे के छोटे बडे पत्तीदार पेड काफी मात्रा मे खडे थे। पेड उगाने व विक्रय करने के संबंध मे बैध लायसेंस चाहा गया तो उसने कोई लायसेंस न होना बताया गांजा को विधिवत जप्त किया गया तथा आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी मेघराज परिहार पुत्र गुलाबसिह परिहार उम्र 45 साल निवासी ग्राम मछावली थाना करैरा जिला शिवपुरी के विरूद्ध अप.क्र. 775/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। 01. 25 किलो 600 ग्राम गांजा कीमती 02 लाख 56 हजार रुपये का बरामद माल किया। इसमें थाना प्रभारी करैरा निरी० श्री विनोद छावई, उनि धर्मेन्द्र गुर्जर, आर.338 हरेन्द्र गुर्जर, आर 895 राधेश्याम सिहं जादौन, आर 965 सुरेन्द्र रावत, आर 1165 मत्स्येन्द्र गुर्जर, आर.चा. 117 रामअवतार गुर्जर, आर 822 जितेन्द्र सिंह, आर 321 महेन्द्र कुशबाहा आदि की भूमिका रही।

## एसपी के निर्देशन में डायल 112 स्टाफ को दिया सीपीआर प्रशिक्षण

**अशोकनगर।** डायल 112 आपातकालीन सेवा के अंतर्गत जिले में संचालित सभी एफआरव्ही वाहनों (फस्ट रिस्पॉन्स व्हीकल) में तैनात पायलेट, जिला सुपरवाइजर एवं थानों से एफआरव्ही में पदस्थ समस्त बल को सीपीआर एवं बीएलएस का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इस प्रशिक्षण का आयोजन पुलिस लाइन अशोकनगर में किया गया, जिसमें जिले के सभी एफआरव्ही स्टाफ ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल को ऐसी आकस्मिक परिस्थितियों में सक्षम बनाना है, जहाँ किसी व्यक्ति का जीवन संकट में हो जैसे सड़क दुर्घटना, हृदय गति रुकना, विद्युत करंट लगना या दम घुटने जैसी आपात स्थिति हो। ऐसी परिस्थितियों में समय पर सही प्राथमिक उपचार देकर किसी भी व्यक्ति के जीवन की रक्षा की जा सकती है। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों द्वारा सीपीआर तकनीक, कृत्रिम श्वसन, हृदय गति पुनः प्रारंभ करने की विधि, घायल व्यक्ति को सुरक्षित



स्थिति में रखने, तथा आपातकालीन सहायता आने तक आवश्यक जीवन रक्षक कदम उठाने की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र में मॉक ड्रिल का भी आयोजन किया गया, जिसमें एफआरव्ही स्टाफ को वास्तविक आपातकालीन स्थितियों की तरह कार्य करते हुए त्वरित प्रतिक्रिया देना सिखाया गया।

सीपीआर/बीएलएस एक अत्यंत महत्वपूर्ण कौशल है, जो न केवल पुलिस बल के लिए बल्कि समाज के हर व्यक्ति के लिए उपयोगी है। पुलिस बल अक्सर ऐसे घटनास्थलों पर सबसे पहले पहुँचते हैं जहाँ तत्काल चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध नहीं होती, अतः यह प्रशिक्षण उन्हें संकट की घड़ी में लोगों का जीवन बचाने में सक्षम बनाएगा।

## जिले में मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले किए गए दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खैराभान निवासी वीरेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजपाल यादव ने उससे मारपीट की एवं खेत की मेढ़ तोड़ी दी और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गरेंठा निवासी पूरन बाल्मीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुनीता बाई और मेहराम बाल्मीक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तूमैन निवासी अवतार सिंह राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अजय, बलवीर, शिवम, सौरभ, चैनसिंह, मन्नू सिंह और विकास राजपूत ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम शंकरपुर निवासी जसवंत आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी केतार यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जमुनिया निवासी जगन्नाथ गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बाबूलाल, राजेश और नन्हे गुर्जन ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से बाबूलाल गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जगन्नाथ, लाखन और कोकसिंह गुर्जर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिपरई निवासी अजय राय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संकी, राजकुमार, कटारिया ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा ने देर रात थाना दिनारा का औचक निरीक्षण किया, दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा

रात्रि गस्त मे लगे बल को चैक किया एवं थाने के महत्वपूर्ण रजिस्टरों को चैक करते हुये की जा रही कार्यवाहियों के संबंध मे निर्देश दिये। रात्रि पुलिस गश्त अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों व अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही करने हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसी तारतम्य मे पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में दिनांक 08-09.11.2025 की रात्रि मे एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा द्वारा थाना दिनारा का औचक निरीक्षण किया। एसडीओपी पिछोर द्वारा रात्रि गस्त को चैक करते हुये थाने का औचक निरीक्षण कर निम्न बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिये -

- *रात्रि दफ्तर ड्यूटी में आरक्षक राजपाल उपस्थित मिले, बुलाए जाने पर थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह उपस्थित थाने आए।*
- *थाना परिसर का भ्रमण किया साफ-सफाई का निरीक्षण किया गया।*
- *हवालात चैक किया कोई व्यक्ति नहीं पाया गया।*
- *थाना के महत्वपूर्ण रजिस्टरों को चेक किया एवं टीप अंकित की गायी।*
- *थाना पर लम्बित अपराध, चालान, मर्ग, गुम इन्सान के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए एवं लम्बित वारंट तामील कराने के निर्देश दिए गए।*
- *थाने पर लगे सभी सीसीटीव्ही कैमरे चालू पाए गए।*
- *रात्रि गश्त मे लगे अधिकारी/कर्मचारियों को मुस्तैदी के साथ गस्त करने के निर्देश दिये।*
- *रात्रि के समय अवैध गतिविधियों एवं संदिग्ध लोगों पर ज्यादा से ज्यादा कार्यवाही करने के निर्देश दिये।*

## युवा उत्सव कार्यक्रम में कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां प्रदान कीं, मंच पर सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा शनिवार को रंगारंग युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन रघुवंशी धर्मशाला में किया गया। इस आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि नीरज मनोरिया नगर पालिका अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि मनोज शर्मा पूर्व महामंत्री भाजपा एवं धर्मेंद्र रघुवंशी भाजपा महामंत्री एवं बाबा शिवहरे, ओपी शर्मा क्रीड़ा अधिकारी शिक्षा विभाग द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।

सभी अतिथियों द्वारा युवाओं की प्रतिभा को सराहा गया। कार्यक्रम के अंत में अपर कलेक्टर डी.एन. सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक







गजेंद्र सिंह कर द्वारा समस्त विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर युवाओं को प्रेरणा उद्बोधन दिए। अरुण रघुवंशी प्रभारी खेल अधिकारी द्वारा युवा उत्सव का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। युवा उत्सव के परिणाम इस प्रकार रहे समूह लोक नृत्य में राव माधव हाई सेकेंडरी स्कूल ने प्रथम स्थान एवं पीएम श्री मुंगावली विद्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया समूह लोकगीत में नेहरू डिग्री कॉलेज के खुशी बैरागी और ग्रुप ने प्रथम स्थान एवं मुस्कान और ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाषण में कुमारी कृतिका जैन प्रथम एवं नितिन नामदेव द्वितीय, कहानी लेखन में अलका ग्वाल प्रथम, सिद्धि तिवारी द्वितीय ,कविता लेखन में राहुल तिवारी प्रथम मोहिनी पाल द्वितीय चित्रकला में अदिति सोनी प्रथम महक सुमन द्वितीय और विज्ञान मेला में आदर्श जोशी प्रथम और सत्येंद्र यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### अवैध शराब के कईं मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के ईसागढ़ थाने की पुलिस ने ग्राम इमझेरा निवासी साबर सिंह आदिवासी के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत डिपो मोहल्ला मुंगावली निवासी शोभाराम सांसी से पुलिस ने 14 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के देहात थाने की पुलिस ने वृन्दावन धाम कॉलोनी निवासी मुकेश सेन के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

## दो बाइक आपस में भिड़ीं 4 घायल, अस्पताल पहुंचे

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत स्थानीय फुट ओवर ब्रिज पर 2 बाईके आमने सामने टकराने से 4 लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। घायलों में रवि पुत्र संतोष अहिरवार उम्र 28 वर्ष निवासी मंदसौर मील के पास दीपेश कॉलोनी, वहीं दूसरी ओर संध्याबाई पति सोनू ओझा, सोनू पुत्र भगवानलाल ओझा ग्राम रांवसर, सेजल पुत्री बनवारी घायल हो गए। जिनका उपचार जिला अस्पताल में जारी है। रवि ने बताया कि वह बाजार से सब्जी लेकर अपने घर फुअ ओवर ब्रिज से वापिस जा रहा था। वहीं सोनू ओझा ने बताया कि वह रांवसर से अपनी पत्नी संध्या जो कि अस्पताल में कार्य करती है उसे और साली सेजल को बाई क पर बिठाकर बाजार में कमरे पर छोड़ने आया था बाजार में सामान लेने हेतु बाईक से बाजार जा रहा था। इसी दौरान फुटओवर ब्रिज पर सामने से आ रहे बाईक चालक ने टक्क्र मार दी। सभी घायलों का उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

### ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मारी, युवक घायल

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम बरवाह निवासी महेन्द्र सिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मुंगावली बीना रोड़ पर अज्ञात ट्रेक्टर चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए। उसकी बाईक में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आई हैं।


## मुख्य सटोरिया को तलाशने पुलिस ने घर व होटल पर छापामारा, 3 दिन का नोटिस भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कोतवाली पुलिस ने पिछले दिनों शहर के मुख्य सटोरिया आजाद खान के विरूद्ध अपराध दर्ज किया था, जब से आजाद खान लापता चल रहा है। शनिवार को बड़ी संख्या में पुलिस बल आजाद खान को तलाशने के लिए आजाद मोहल्ला स्थित उसके घर और आजाद पैलेस हॉटल पर सर्च की कार्यवाही की गई लेकिन आजाद खान पुलिस के हाथ नहीं लगा। अब 3 दिन का नोटिस आजाद खान के ठिकानों पर चस्पा किया गया है। अगर 3 दिन में वह हाजिर नहीं होता है तो वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

इस मौके पर एसडीओपी विवेक शर्मा, टीआई रवि प्रताप सिंह चैहान, देहात थाना प्रभारी भुवनेश शर्मा






सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद था। इस अमले ने आजाद होटल की जांच पड़ताल की कमरों की तलाशी की गई लेकिन वहां पर स्टाफ मिला। इसके बाद उनके आवास पर भी जांच पड़ताल की गई लेकिन वहां सिर्फ महिलाएं मिलीं। एसडीओपी विवेक शर्मा ने बताया कि पिछले दिनों जो आजाद खान पर अपराध दर्ज किया गया था उस दर्ज अपराध को लेकर मुल्जिम की तलाश में पुलिस आजाद खांन के यहां गई थी। लेकिन आजाद खांन अभी तक नहीं मिला है। उसके बाद यह तलाशी का अभियान चलाया गया है अगर वह 3 दिन में हाजिर नहीं होता है तो वैधानिक कार्यवाही उसके विरूद्ध की जाएगी।

### राष्ट्र संत मुनिश्री पुगंव सुधासागर महाराज ने दिए प्रवचन में कहा

# 'व्यक्ति संसार से परेशान हो तब जागती है भक्ति'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के थूवोन जी तीर्थ क्षेत्र में विराजमान पुंगव मुनि सुधासागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब व्यक्ति असमर्थ हो कर संसार से परेशान हो जाता है तब उसके अंदर भक्ति जागती है। उसे जगत में कोई मार्ग दिखाई नहीं देता तव उसके अंदर भगवान के प्रति गुरुओ के प्रति श्रद्धा जागती है। भक्ति तो जागेगी क्यों कि उसे लग रहा है कि अब इस संसार से बचाने वाले कोई मार्ग है तो वह भगवान की भक्ति है। भक्ति मनुष्य के अंदर प्रेम, करुणा, दया पैदा कर देती है।





### बीमारी में व्यक्ति कुछ भी करने को तैयार रहता है

उन्होंने कहा कि बीमारी में व्यक्ति कुछ भी करने को तैयार रहता है और जब स्वस्थ्य हो जाता है। पहले दवाईयां नहीं दी जाती थीं रोगी को औषधि दी जाती थी जो रोग को जड़ से समाप्त करतीं थीं। दवाईयां तो रोग को दवाती है समाप्त नहीं करतीं। फिर उभर आती है वैध शत्रु और मित्र में कोई अंतर नहीं करता। मेरा कोई शत्रु इसलिए नहीं है जो मेरे को वरवाद कर दे। मेरा कोई दुश्मन नहीं है दुश्मन से तुम क्यों डरते हो। आध्यात्मिक व्यक्ति कहता है कि मेरा कोई दुश्मन है ही नहीं मुझे कोई नहीं मार सकता। यशोधर महाराज ध्यान में बैठे हैं राजा श्रेणिक उनके गले में सांप डाल देता है।

### व्यक्ति के सामान्य गुणों को कोई नहीं ढंक सकता

उन्होंने कहा कि दुश्मन आपके विशेष गुणो को ढाक सकता है सामान्य गुणों को दुनिया में कोई नहीं ढाक सकता तुम चिंतन करो मैं आस्तिक वान हूं। आज सबसे बड़ी चीज हम अपने आप को आस्तिवान नहीं मान रहे। आज दुनिया में ध्यान बहुत लोकप्रिय हो रहा है लेकिन ध्यान की उन्हें सही विधि पता ही नहीं है। वह उसका ध्यान कर रहे हैं जो विद्यमान है ध्यान स्वयं का किया जाता है ये बहुत सरल होते हुए बड़ा कठिन है।

### 14, 15 को प्रीमियर लीग होगा

विजय धुर्रा ने बताया कि दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी द्वारा तीर्थ भूमि पर श्री सुधा सागर प्रीमियर लीग का आयोजन 14-15 पर होने जा रहा है। इसमें देशभर के तीर्थ क्षेत्र कमेटी की चुनी हुई बीस टीमें अपने अंचल में विजेता बनकर दर्शनोदय तीर्थ पधारेंगीं। यहां दो दिनों में सभी मैचों के उपरांत अंतिम चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेगी और फाइनल मुकाबला 15 नवम्वर को दोपहर में होगा। शाम को जिज्ञासा समाधान में सभी टीमों को क्षेत्र कमेटी द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल महामंत्री मनोज भैसरवास कोषाध्यक्ष प्रमोद मंगल दीप मंत्री शैलेन्द्र दददा राजेन्द्र हलवाई प्रदीप रानी जैन समाज एस एस पी एल लीग संयोजक जैन समाज के मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मिडिया प्रभारी अरविंद कचनार सहित अन्य प्रमुख जनो ने एस एस पी एल लीग के लिए परम पूज्य को श्री फल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।